दिनांक–15.09.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार

**1-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर।

**2-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा- सांची हमारा ब्रांड, हमारा ही रहेगा, नहीं जाएगी किसी की भी नौकरी।

**3-** कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लाखों की संख्या में समझौते से सुलझाए गए मामले।

**4-** पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने गोबर से बनाए गए पेन्ट को मान्यता देने की मांग की।

-------------------------------------

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर हैं। वे आज झारखण्ड में टाटानगर-पटना वंदेभारत ट्रेन सहित छह वंदे भारत रेलगाड़ियों को रवाना करेंगे। श्री मोदी छह सौ साठ करोड़ रूपये से अधिक की कई रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और लोकार्पण करेंगे। वे टाटानगर में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के बीस हजार लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा और भारतीय जनता पार्टी के झारखण्ड प्रमुख बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहेंगे। श्री चौहान ने बताया कि 46 हजार लाभार्थियों के नवनिर्मित घरों का गृह-प्रवेश कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री कल गुजरात के गांधीनगर में "पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना" के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। वे गांधीनगर के महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन और एक्स्पो का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना का भी उद्घाटन करेंगे। शाम को प्रधानमंत्री अहमदाबाद में आठ हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

-------------------------------------

मुख्यमंत्री-इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में ऋषि, मुनियों, संत और महात्माओं ने हमें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का पाठ

सिखाया है। ऋषि, मुनियों, संत और महात्माओं के बताये मार्गों और सिद्धांतों पर चलकर हम स्वस्थ जीवनशैली प्राप्त कर सकते हैं। कल इंदौर में सांसद सेवा संकल्प अभियान हेल्थ ऑफ इंदौर और दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री यादव ने कहा कि आज इस युग में आहार, विहार और संयमित दिनचर्या रखने की आवश्यकता है। इससे पहले एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांची डेयरी के कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने सांची और केंद्रीय डेयरी बोर्ड के बीच हुए एमओयू को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर किया। उन्होंने कहा कि सांची ब्रांड है और रहेगा।

------------------------------------

दूरदर्शन

दूरदर्शन आज 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। देश में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत 15 सितंबर 1959 को दूरदर्शन से हुई थी। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने इसके पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। अपने विशाल नेटवर्क के बूते दूरदर्शन आज भारत का सबसे बडा प्रसारक है जिसकी पहुंच ग्रामीण दर्शकों तक है। दूरदर्शन के छह राष्ट्रीय और 22 क्षेत्रीय चैनलों से चौबीसो घंटे प्रसारण होता है। दूरदर्शन का एक अंतरराष्ट्रीय चैनल भी है। दूरदर्शन की निशुल्क डी.टी.एच. सेवा भी उपलब्ध कराता है। दूरदर्शन जागरुकता प्रसार का माध्यम रहा है। इसके चर्चित कार्यक्रमों में रामायण, महाभारत, हमलोग, बुनियाद, मालगुड़ी डेज और उड़ान शामिल हैं।

------------------------------------

मध्यप्रदेशनिवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर किये जा रहे प्रयासों के चलते जहां एक ओर प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखला जारी है, वहीं प्रदेश के बाहर बड़े शहरों में उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिये आकर्षित करने रोड-शो किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का निवेश के लिये अगला पड़ाव पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता है, जहाँ वे 20 सितम्बर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश से आने वाले उद्योगपतियों से रूबरू होंगे। मध्यप्रदेश को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिये निरन्तर किये जा रहे नवाचारों से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा वर्ष 2025 को “उद्योग वर्ष” घोषित किया गया है। वर्ष 2025 के प्रारंभ में ही 7-8 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजित की जा रही है। साथ ही पूरे वर्ष प्रदेश में औद्योगिक विकास को

लेकर एक मिशन के तौर पर प्रयास किये जायेंगे।

------------------------------------

लोक अदालत

प्रदेश में कल लोक अदालतों का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में समझौता योग्य प्रकरणों का निपटारा किया गया। एक जानकारी के अनुसार भोपाल जिले में कल आयोजित लोक अदालत के माध्यम से कुल 23 हजार 373 मामलों का निराकरण हुआ। इनमें कुल राशि 69 करोड़ 56 लाख 68 हजार 352 रुपए की राशि जमा करवाई गई। इनमें नगर निगम भोपाल में नेशनल लोक अदालत के 8 हजार 800 मामलों का निराकरण किया गया। आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील मुख्यालय सुसनेर एवं नलखेड़ा न्यायालय परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत की 12 खंड पीठों में न्यायालय के लंबित 7960 प्रकरणों को रखा गया था। जिनमें से 354 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं 975 व्यक्ति लाभान्वित हुए। इसमें 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार 807 रूपये की सेटलमेंट राशि जमा हुई। उधर उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में नेशनल लोक अदालत में 711 प्रकरणों को लोक अदालत हेतु गठित 2 खण्डपीठ के समक्ष रखा गया, जिसमें खण्डपीठ द्वारा लगभग 280 प्रकरणों का निराकरण किया गया।
प्रकरणों में 2 करोड़ 98 लाख 5 हजार 949 रुपये के अवार्ड पारित किये गये। उधर डिंडोरी में इस वर्ष की तीसरी 'नेशनल लोक अंदालत में लंबित पारिवारिक विवाद, मोटरयान दुर्घटना दावा, चैक अनादरण एवं विभिन्न राजीनामा योग्य आपराधिक व दीवानी प्रकरण सुलझाए गए। मुरैना में 810 प्रकरणों का निराकरण हुआ। राजगढ़ जिले में लोकअदालत के लिए कुल 25 खंडपीठों का गठन किया गया था।

------------------------------------

गोबर पेंट

पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने कहा है कि गोबर से बनाए गए पेन्ट को मान्यता देकर उसके विपणन में सहयोग किया जाए, जिससे गौशालाएं आय अर्जित कर सकें। प्रदेश के पशुपालन मंत्री लाखन पटेल ने भुवनेश्वर में देश के पशुपालन एवं डेयरी मंत्रियों की बैठक में यह सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि पशुओं के उपचार के लिए 50 हजार पशुओं पर एक मोबाइल यूनिट हो और पशु चिकित्सालय एवं ओषधालयों का सुद्रणीकरण किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस महीने प्रारंभ होने वाली 21वीं पशु संगणना के लिए कर्मचारियों को टैबलेट भी प्रदाय किए जाए। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने की। श्री सिंह ने कहां के डेयरी सेक्टर

असंगठित है, इसे सहकारी समितियां के माध्यम से विकसित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में राज्यों को जागृत होना होगा तथा गंभीरता से सोचना होगा, जिससे दूध उत्पादन को बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम द्वारा संचालित सेंट्रल सीमन स्टेशन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

------------------------------------

अभियंता दिवस

अभियंता दिवस के अवसर पर आज भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की अर्धमूर्ति का अनावरण भोपाल में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह होंगे। भारत में सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस 15 सितम्बर को हर वर्ष अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। सर विश्वेश्वरैया को भारतीय अभियंता जगत में उनके अमूल्य योगदान और असाधारण तकनीकी कौशल के लिए जाना जाता है। उन्हें 1955 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

------------------------------------

संक्षिप्त समाचार

1. आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में "भारतीय ज्ञान परंपरा में हिंदी साहित्य की भूमिका" विषय पर आयोजित हुई।
2. खण्डवा में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत जनपद पंचायत बलडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने स्वच्छाग्रहियों को कल प्रशिक्षण दिया।
3. नर्मदापुरम में एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए साइकिलिंग गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साइकिलिंग के तीसरे संस्करण का शुभारंभ आज एमपीटी बायसन रिसोर्ट मढई से होने जा रहा है।
4. राजगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रावास में कल बच्चों के आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण पत्र पंजीयन हेतु कैम्प का आयोजन किया गया।
5. खंडवा में त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय मे पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया।

------------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

**1-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से झारखण्ड, गुजरात और ओडिशा की तीन दिन की यात्रा पर।

**2-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा- सांची हमारा ब्रांड, हमारा ही रहेगा, नहीं जाएगी किसी की भी नौकरी।

**3-** कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में लाखों की संख्या में समझौते से सुलझाए गए मामले।

**4-** पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने गोबर से बनाए गए पेन्ट को मान्यता देने की मांग की।

-----------------------------------